समापण भाषण

माननीय सदस्यगण,

सप्तदश बिहार विधान सभा के गठन के उपरान्त प्रथम सत्र दिनांक 23 नवम्बर, 2020 से प्रारम्भ होकर आज दिनांक 27 नवम्बर,\2020 को समाप्त हो रहा है । इस सत्र में कुल-05 (पाँच) बैठकें हुई ।

सत्र के प्रथम दिन दिनांक 23 नवम्बर, 2020 को अस्थायी अध्यक्ष द्वारा सप्तदश बिहार विधान सभा के लिए नव-निर्वाचित माननीय सदस्यों में से 190 माननीय सदस्यों को एवं दिनांक 24 नवम्बर, 2020 को 48 माननीय सदस्यों को तथा दिनांक 25 नवम्बर, 2020 को 04 माननीय सदस्यों को शपथ ग्रहण कराया गया एवं सप्तदश बिहार विधान सभा के अध्यक्ष का चुनाव हुआ ।

दिनांक 26 नवम्बर, 2020 को महामहिम राज्यपाल द्वारा सह-समवेत दोनों सदनों के सदस्यों को सम्बोधित किया गया । आसन द्वारा सदन नेता के रूप में माननीय मुख्यमंत्री, श्री नीतीश कुमार तथा विरोधी दल के नेता के रूप में माननीय सदस्य, श्री तेजस्वी प्रसाद यादव के नाम की घोषणा की गई । वाणिज्यकर विभाग के प्रभारी मंत्री द्वारा राज्यपाल द्वारा प्रख्यापित बिहार कराधान विवादों का समाधान अध्यादेश, 2020 की प्रति तथा प्रभारी मंत्री शिक्षा विभाग द्वारा बिहार राज्य उच्चतर शिक्षा परिषद् (संशोधन) अध्यादेश, 2020 की प्रति सदन पटल पर रखी गयी । सभा सचिव द्वारा षोडश बिहार विधान सभा के षोडश सत्र में उद्भूत तथा बिहार विधान मंडल के दोनों सदनों द्वारा यथा पारित क्रमशः महामहिम राष्ट्रपति द्वारा अनुमत 03 विधेयक एवं महामहिम राज्यपाल द्वारा अनुमत 10 विधेयकों का एक विवरण सदन पटल पर रखा गया । कुल-16 (सोलह) जननायकों के निधन के प्रति शोक-प्रकाश किया गया एवं दिवंगत आत्माओं के प्रति श्रद्धांजलि अर्पित की गयी ।

Contd....2..

आज दिनांक 27 नवम्बर, 2020 को महामहिम राज्यपाल महोदय के अभिभाषण पर माननीय सदस्य, श्री श्रवण कुमार द्वारा धन्यवाद प्रस्ताव प्रस्तुत किया जिसका अनुमोदन माननीय सदस्य श्री राणा रणधीर द्वारा किया गया । वाद-विवाद के उपरान्त माननीय मुख्यमंत्री द्वारा उत्तर दिया गया तत्पश्चात धन्यवाद प्रस्ताव स्वीकृत हुआ ।

सत्र के संचालन में सहयोग के लिए माननीय मुख्यमंत्री, माननीय उप मुख्यमंत्रीगण, माननीय मंत्रीगण, नेता प्रतिपक्ष एवं अन्य दलीय नेताओं के साथ-साथ पक्ष-प्रतिपक्ष के आप सभी माननीय सदस्यों का मैं आभारी हूँ । मैं विशेष रूप से आपसबों को साधूवाद देना चाहता हूँ क्योंकि आपके सहयोग से हीं इस सत्र का संचालन अपेक्षाकृत अधिक सफलता से हो पाया । आशा है आने वाले सत्र में भी पक्ष-प्रतिपक्ष के आप सभी माननीय सदस्यों का सहयोग इसी तरह प्राप्त होता रहेगा एवं हम सभी अधिकतम जनहित साधने में सफल होंगे जो हमारा अभीष्ठ है ।

समाचार प्रेषण में पत्र प्रतिनिधियों, समाचार एजेंसी, प्रिंट मीडिया, इलेक्ट्रॉनिक मीडिया ने जनमानस के बीच सदन की कार्यवाही सफलता से ले जाने का कार्य किया, इस हेतु उन्हें भी मैं साधुवाद देता हूँ ।

सभा के कार्य संचालन में सभा सचिवालय के पदाधिकारियों एवं कर्मचारियों तथा बिहार सरकार के पदाधिकारियों/कर्मचारियों सहित पुलिस बल के जवानों ने जिस तत्परता, लगन और निष्ठा से अपने कर्त्तव्यों का निर्वहन कुशलतापूर्वक किया है इसके लिए वे सभी धन्यवाद के पात्र हैं ।

क्रिसमस की शुभकामनाओं के साथ नव वर्ष के शुभागमन में मैं प्रदश की जनता एवं आप सबों के उज्ज्वल भविष्य एवं सुखद जीवन की मंगल कामना करता हूँ ।

अब सभा की बैठक अनिश्चित काल तक के लिए स्थगित की जाती है ।